# विकास भारती पब्लिक स्कूल
## वार्षिक परीक्षा (अभ्यास पत्र)
## (2025-26)
### विषय : हिंदी
### कक्षा : छठी

समयावधि –2 घंटे 30 मिनट                                                                 पूर्णांक – 60

---

नोट – 1) प्रश्न पत्र में पाँच खंड, तीन मुद्रित पृष्ठ और प्रश्न संख्या 11 हैं।
2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3) प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए।
4) अतिरिक्त प्रश्नों के अंक नहीं दिए जाएँगे।
5) वैकल्पिक प्रश्नों में विकल्प संख्या के साथ विकल्प भी लिखें अन्यथा अंक नहीं दिए जाएँगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | खंड–क (पठन कौशल) | |
| प्रश्न 1 | | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।** | |
| | | दिल्ली में अनेक ऐतिहासिक स्थल हैं, जिनमें से लाल किला भी एक है। लाल किले का निर्माण मुगल बादशाह शाहजहाँ ने 1639 ई0 में करवाया था। 1857 ई0 में इस किले पर अंग्रेज़ों का अधिकार हो गया, जिसका प्रयोग उन्होंने एक छावनी के रूप में किया। 1947 ई0 में स्वतंत्रता प्राप्ति के साथ ही अंग्रेज़ों ने इस किले को सेना को सौंप दिया। 2003 ई0 में इस पर से सेना का नियंत्रण समाप्त कर इसे पर्यटन विभाग को सौंप दिया गया। किले की बाहरी दीवारें लाल पत्थर से बनी हुई हैं, इसलिए इसे 'लाल किला' भी कहा जाता है। इस किले में मुगल वास्तु कला के साथ–साथ फ़ारसी एवं भारतीय वास्तुकलाओं का भी प्रयोग किया गया है। लगभग ढाई किलोमीटर लंबी इसकी दीवारें दो मुख्य द्वारों पर खुलती हैं। एक को 'दिल्ली गेट' एवं दूसरे को 'लाहौर गेट' कहा जाता है। लाहौर गेट ही किले का मुख्य प्रवेश द्वार है। मुख्य प्रवेश द्वार से भीतर जाते ही एक बाज़ार मिलता है, जिसे 'चट्टा चौक' कहा जाता है। इस बाज़ार में भारत के लगभग सभी क्षेत्रों की कलाकृतियाँ मिल जाती हैं। इसे देखने भारत ही से नहीं विदेशों से भी पर्यटक आते हैं। प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर भारत के प्रधानमंत्री यहाँ राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण करते हैं। | |
| | क) | **अंग्रेज़ों ने लाल किले को किसे सौंपा?**<br>1) पर्यटन विभाग    2) सेना    3) शाहजहाँ | 1 |
| | ख) | **स्वतंत्रता दिवस पर भारत के प्रधानमंत्री ध्वजारोहण कहाँ करते है?**<br>1) लाल किला    2) चट्टा चौक    3) दिल्ली गेट | 1 |
| | ग) | **निम्नलिखित कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए।**<br>**कथन (A) : लाल किले को 'लाल किला' भी कहा जाता है।**<br>**कारण (R) : किले की बाहरी दीवारें लाल पत्थर से बनी हुई है।**<br>1) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है, और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।<br>2) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है, और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या | 1 |


कृ॰पृ॰उ॰

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | नही करता है।<br>3) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।<br>4) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है। | |
| | घ) | **लाल किले का महत्त्व अपने शब्दों में लिखिए।** | 2 |
| | | **खंड–ख (पूरक पुस्तक)** | |
| प्रश्न 2 | | **उचित विकल्प चुनें–** | |
| | क) | रानी लक्ष्मीबाई की मृत्यु किस वर्ष हुई? | 1 |
| | | 1) 1856 2) 1858 3) 1857 | |
| | ख) | उषा मेहता ने किसके खिलाफ आंदोलन किया? | 1 |
| | | 1) कांग्रेस के 2) अंग्रजों के 3) गाँधी | |
| | ग) | उषा मेहता कौन थी? | 1 |
| | | 1) छात्रा 2) प्रधानाचार्या 3) रेडियो प्रवक्ता | |
| | घ) | रानी लक्ष्मीबाई किस राज्य की रानी थी? | 1 |
| | ड.) | कमलादेवी चट्टोपाध्याय के उच्च विद्यालय की प्रधानाचार्या का क्या नाम था? | 1 |
| | | **खंड–ग (व्याकरण)** | |
| प्रश्न 3 | | **निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दें।** | |
| | क) | **लोकोक्ति का अर्थ लिखें** – नेकी कर दरिया में डाल | 1 |
| | ख) | **मुहावरे का वाक्य बनाएँ** – जान है तो जहान है | 1 |
| | ग) | सौरभ कल मेरे घर आया था। **(काल का भेद बताइए)** | 1 |
| | घ) | तुम प्रतिदिन व्यायाम किया करो। **(सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए)** | 1 |
| | ड.) | रोहन अच्छा गाता है। **(क्रिया विशेषण शब्द छाँटिए)** | 1 |
| | च) | **विशेषण बनाइए**– परिवार | 1 |
| | छ) | **'होली मंगलमय हो।' (अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताइए)** | 1 |
| | ज) | **रिक्त स्थान भरें–**<br>**1) गरीबों–––––––खाना दो। (से/को)**<br>**2) पुस्तक मेज––––––है। (में/पर)** | 2 |
| | झ) | **क्रिया को रेखांकित कर कर्म के आधार पर क्रिया का भेद लिखिए–**<br>**शिवानी सोती है।** | 1 |
| प्रश्न 4 | | **निर्देशानुसार प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए।** | |
| | क) | **'अर्थ' शब्द का अर्थ है–**<br>1) स्वभाव 2) मूल 3) धन | 1 |
| | ख) | **'अनाथ' शब्द का उचित विलोम शब्द चुनिए–**<br>1) अनात्मा 2) अनुचित 3) सनाथ | 1 |
| | ग) | **'तालाब' शब्द का उचित पर्यायवाची शब्द चुनिए।**<br>1) धारा 2) ताल 3) उमंग | 1 |
| | घ) | **सौ वर्षों की अवधि .................. कहलाती है।** ( अनेक शब्दों के लिए एक शब्द )<br>1) सताबदी 2) शतब्दी 3) शताब्दी | 1 |
| | ड.) | उचित शब्द भरें–<br>**विद्यालय के पुस्तकालय में अनेक .................. उपलब्ध है। (ग्रंथ, ग्रंथि )** | 1 |

कृ॰पृ॰उ॰

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | खंड–घ (मल्हार) | |
| प्रश्न 5 | | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्य में दीजिए।** | 1x4=4 |
| | क) | सूखा पेड़ क्यों गिर जाता है? | |
| | ख) | मॉरिशस की राजधानी का नाम बताइए। | |
| | ग) | जो संबंध हिंदी का भोजपुरी से है, वही संबंध फ्रेंच का किससे है? | |
| | घ) | बीज से अंकुर कब निकलता है? | |
| | ड.) | मॉरिशस में सबसे ज्यादा उगाने वाली फसल कौन–सी है? | |
| प्रश्न 6 | | **पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**<br>**जो तनिक हवा से बाग हिली, लेकर सवार उड़ जाता था।**<br>**राणा की पुतली फिरी नहीं, तब तक चेतक मुड़ जाता था।** | |
| | क) | उपर्युक्त **पद्यांश** के कविता का नाम लिखिए। | 1 |
| | ख) | चेतक किसको लेकर उड़ जाता था? | 1 |
| | ग) | 'राणा की पुतली फिरी नहीं, तब तक चेतक मुड़ जाता था।' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| प्रश्न 7 | क) | **वाक्य बनाइए –** 1) सर्वत्र 2) वीरता 3) अकस्मात | 3 |
| | ख) | **अर्थ लिखिए –** 1) निषंग 2) चिरायु 3) विषाक्त | 3 |
| प्रश्न 8 | | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखिए।** | 2x3=6 |
| | क) | वृक्ष के अंकुर से लेकर पेड़ बनने तक की प्रकिया का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। | |
| | ख) | चेतक निराला कैसे बन गया?स्पष्ट करें। | |
| | ग) | लेखक ने नेशनल पार्क पहुँचने पर क्या देखा?अपने शब्दों में लिखें। | |
| | घ) | हमारे जीवन में पेड़–पौधों का क्या महत्त्व है? (कोई दो) | |
| | | खंड–ड.(लेखन कौशल) | |
| प्रश्न 9 | | **निम्नलिखित में से किसी <u>एक विषय</u> पर पत्र लिखिए।** | 5 |
| | क) | अपने क्षेत्र की बढ़ती बिजली की समस्या की शिकायत करते हुए विद्युत अधिकारी को पत्र लिखिए। | |
| | ख) | कक्षा में सफाई की शिकायत करते हुए प्रधानाचार्या जी को पत्र लिखिए। | |
| प्रश्न 10 | | **निम्नलिखित में से किसी <u>एक विषय</u> पर 120–150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** | 5 |
| | क) | मेरा भारत महान | |
| | ख) | प्राकृतिक आपदा | |
| प्रश्न 11 | | **किसी कंपनी की शैम्पू की ब्रिकी बढ़ाने हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें।**<br>**अथवा**<br>**दिए गए चित्र का वर्णन 100–120 शब्दों में कीजिए।** | 5 |

कृ॰पृ॰उ॰

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 7.  | |

———————————————————————

कृ॰पृ॰उ॰